आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 03.03.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। श्री मोदी ने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी और 16वीं एशियाई शेर आबादी अनुमान 2025 और कोयंबटूर में मानव वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन का अनावरण किया।

सर्वोच्च न्यायालय - दृष्टिबाधित

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और आर. महादेवन की एक पीठ ने छह याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। इस फैसले की घोषणा करते हुए, न्यायाधीश महादेवन ने कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के साथ न्यायिक सेवाओं में भर्ती के मामले में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने मूलभूत समानता सुनिश्चित करने के महत्व का उल्लेख किया।

संस्कृत विश्वविद्यालय नए कोर्स

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 2025 -26 सत्र से चार वर्षीय शास्त्री यूजी और एक वर्षीय आचार्य पीजी पाठ्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी। नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत शास्त्री स्नातक, शास्त्री शोध और आचार्य की उपाधियां सेमेस्टर पूरे करने के आधार पर दी जाएंगी। चार वर्षीय शास्त्री में सभी सेमेस्टरों में मेजर-माइनर वेद,ज्योतिष,व्याकरण,साहित्य,दर्शन,बौद्ध दर्शन, कश्मीर शैव दर्शन,धर्मशास्त्र,अद्वैत वेदांत,पुराण इतिहास,पालि प्राकृत इत्यादि विषयों के साथ आधुनिक विषय राजनीति विज्ञान,इतिहास,अंग्रेजी,हिन्दी आदि के साथ-साथ कौशल विकास विषयों की भी पढ़ाई करनी होगी। पाठ्यक्रम में सभी छात्रों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य है। जिससे छात्रों को रोजगार के लिए उचित माध्यम प्राप्त हो सके।

नेशनल रोइंग चैंपियनशिप

भोपाल के बड़े तालाब स्थित मध्य प्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में आज से 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम चार बजे इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के लगभग 500 प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स होंगे। सभी फाइनल्स सात मार्च को संपन्न होंगे ।

मौसम

प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिम-उत्तर भारत में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और हवाओं की दिशा बदलने की वजह से ऐसा हो रहा है। प्रदेश में मार्च महीने में तेज गर्मी, लू, बादल और हल्की बारिश वाला मौसम रहता है। इस बार मार्च के पहले ही दिन शनिवार को मुरैना में ओले गिरे, जबकि दूसरे दिन रविवार को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार पहले सप्ताह में बादल और बूंदाबांदी वाला मौसम रहेगा, लेकिन चौथे सप्ताह से हीट वेव यानी लू चलेगी।

समाचार संक्षेप में...

- कटनी के जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा,में ग्रीन स्कूल जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चों को ग्रीन स्कूल के साथ-साथ क्लाईमेट चेंज एवं खेती के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी दी गई।
- बालाघाट जिले में एडीप और वयोवृद्ध योजना के तहत 2 हजार 452 दिव्यांगों और वृद्धजनों को 18 तरह के 2 हजार 319 सहायक उपकरणों प्रदान किये गए.
- निवाड़ी जिले के ओरछा लगभग 3.5 करोड़ रुपये की लगभग दो एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। और
- पन्ना जिले के धरमपुर थाना प्रभारी के जन्मदिन पार्टी पर थाना को क्लब बनाये जाने ओर फूहड़ डांस मामले में पन्ना

एसपी साईं  कृष्ण एस थोटा ने थाने के चार पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

-------------------